This Question Paper contains 12 Printed Pages.

Sl. No. 113800

# N-14(H)

**(MARCH, 2013)**

| |
|---|
| પ્રશ્નપત્રના સેટનો ક્રમાંક જે ઉમેદવારે **OMR sheet** માં ઘટ્ટ કરવાનો છે. |
| **Set No. of Question Paper which is to be darken in OMR sheet** |
| **01** |

## PART - A

***Time : 60 minutes]*** ***[Maximum Marks : 50***

*सूचनाएँ -*

(1) नीचे **50** वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गए हैं। **सभी** प्रश्न *अनिवार्य* हैं।

(2) नीचे दिये गये **1** से **50** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के गुण (अंक) समान हैं। प्रत्येक प्रश्न का **1** गुण है।

(3) आपको अलग से दिये गये **O.M.R.** पत्रक में प्रत्येक प्रश्न के सामने (A) ○, (B) ○, (C) ○, (D) ○ दिया गया है। प्रश्न का जो उत्तर सही हो, उसके विकल्प के पास निर्दिष्ट ○ (वृत्त) को पेन से भरकर सम्पूर्ण घट्ट ● करना है।

**1** से **50** प्रश्नों के नीचे दिये गए **4** उत्तरों में से सही विकल्प चुनकर सही विकल्प के क्रम अक्षर पर **O.M.R.** पत्रक में पेन से पूरा गाढ़ा करें। (प्रत्येक का **1** गुण)

**1.** तुलसीदासजी के एक मात्र आश्रय स्थान कौन है?

(A) गणेश (B) शंकर

(C) राम (D) कृष्ण

**2.** प्राचीन भारत का एक लोकनायक -------।

(A) भरत (B) अशोक

(C) चन्द्रगुप्त (D) वशिष्ठ

**3.** कवि मिट जाता पर उसका ------- अमर हो जाता है।

(A) विश्वास (B) इतिहास

(C) उच्छवास (D) परिहास

**4.** अभिमन्यु ने किसे चुनौती दी थी?

(A) महारथियों को (B) महान राजाओं को

(C) अक्षौहिणी सेनाओं को (D) शत्रुओं को

**5.** आशा का दीपक किसे जलाए रखना है?

(A) भीष्म पितामह (B) दुर्योधन

(C) धर्मराज (D) भीम

**6.** धौंकनी फूँकने वाले को ------- कहते हैं।

(A) लोहार (B) सुतार

(C) कहार (D) सुनार

**7.** 'कवि नीरज' देश-काल की कैसी जंजीर से नहीं बँधे हैं?

(A) जंग लगी (B) रंगीन

(C) टूटी हुई (D) लोहे की

**8.** अपने धान को कवि ने ------- समान बताया है।

(A) बुजुर्गों (B) स्वजनों

(C) मित्रों (D) प्राणों

**9.** बुलाने वाले की आवाज़ कवि समझ नहीं पाते, क्योंकि ---

(A) वह बहुत दूर से आती है।

(B) आसपास बहुत शोर हो रहा था।

(C) उसके लिए बिल्कुल अनजानी है।

(D) वह ऊँचा सुनता है।

**10.** 'मेहनतकश इंसान' कविता के कवि -------- हैं।

(A) रामदरश मिश्र (B) धर्मवीर भारती

(C) राजेन्द्र शाह (D) मदन मोहन परिहार

11. लक्ष्मण दूसरी बार क्या कर सकते हैं?

(A) स्वर्ग का निर्माण।

(B) शिव धनुष की रचना।

(C) सागर का मंथन।

(D) लंका पहुँचने का मार्ग।

12. राधा कृष्ण को क्या न डालने के लिए कह रही है?

(A) धूल (B) रंग

(C) दही (D) गुलाल

13. बुढ़ापे की रग-रग में कवि क्या भरना चाहते हैं?

(A) मस्ती का तूफान (B) जवानी का खून

(C) जिन्दगी की आग (D) जानदार सपने

14. कौन सा पर्वत आवारा पशुओं के रहने का अड्डा बन गया है?

(A) हिमालय (B) पावागढ़

(C) गोवर्धन (D) चोटीला

15. मर्द झुँझलाता है, क्योंकि बच्चा लगातार -----

(A) चीखता है। (B) चिल्लाता है।

(C) रो रहा है। (D) हठ करता है।

**16.** अतिथि धर्म का पालन कौन करता था?

(A) हुमायूँ (B) जहाँगीर

(C) ममता (D) अकबर

**17.** बेटा कमाने के लिए कहाँ गया?

(A) मेले में (B) शहर में

(C) बाजार में (D) विदेश में

**18.** हृदय का रक्त पिए बिना क्या पूर्ण नहीं होता?

(A) राजमहल (B) अच्छे कार्यक्रम

(C) महान स्वप्न (D) सुन्दर आयोजन

**19.** लेखक ने फीता किससे काटा?

(A) चाकू से (B) कैंची से

(C) कर कमलों से (D) ब्लेड से

**20.** खूब बाल बनाकर गोबर गाँव का ------- करने लगा।

(A) दर्शन (B) निरीक्षण

(C) भ्रमण (D) दिग्विजय

**21.** ताला किसका प्रतीक है?

(A) साम्यवाद का (B) भौतिकवाद का

(C) परिग्रह और पूँजीवाद का (D) राष्ट्रवाद का

**22.** 'आत्म शिक्षण' कहानी के लेखक ------।

(A) फणीश्वरनाथ 'रेणु' (B) जैनेन्द्र कुमार

(C) चंद्रकान्त मेहता (D) प्रेमचंद

**23.** बछड़े का नाम क्या था?

(A) सुन्दरमणि (B) लालमणि

(C) श्याममणि (D) भीममणि

**24.** पाठ का नाम ''कलाकार का ------------'' है।

(A) अपमान (B) आक्रोश

(C) अभिशाप (D) स्वाभिमान

**25.** भारत में सबसे शक्तिशाली राज्य कौन-सा था?

(A) मगध (B) पंचनद

(C) कलिंग (D) अवध

**26.** स्त्री को चिंता मुक्त होने की सलाह किसने दी?

(A) डॉक्टर ने (B) पड़ोसन ने

(C) मनोवैज्ञानिक ने (D) संत ने

**27.** भगतसिंह कौन थे?

(A) नेता (B) गाँधीजी के साथी

(C) लेखक (D) क्रांतिकारी

**28.** मुरली का पूरा नाम -----------।

(A) मुरलीधर राजाराम पेठकर (B) मुरलीधर रामदेव पणिक्कर

(C) मुरलीधर राजनाथ पेठकर (D) मुरली कान्त राजाराम पेठकर

**29.** पुच्छल तारे की खोज किसने की?

(A) मनोज दत्ता (B) सरोज दत्ता

(C) सतीश दत्ता (D) सुनील दत्ता

**30.** श्रेया ने प्रियांशु से ------- आलू लाने को कहा था।

(A) एक (B) एक किलो

(C) दो किलो (D) ढाई किलो

**31.** निम्नलिखित संधि में से कौन-सी संधि गलत है?

(A) महाशय = महा + आशय

(B) व्याकुल = वि + आकुल

(C) दुर्बल = दुः + बल

(D) अत्याचार = अत्य + आचार

**32.** 'निरन्तर' शब्द का उचित संधि विग्रह बताइए।

(A) नि + रन्तर

(B) निः + अन्तर

(C) निर + न्तर

(D) निरन् + तर

**33.** निम्नलिखित में से तत्पुरुष समास बताइए।

(A) त्रिमूर्ति (B) देशभक्त

(C) निरर्थक (D) खुशकिस्मत

**34.** लेखिका ने कई पशु-पक्षी पाल रखे थे, रेखांकित समास का प्रकार बताइए।

(A) तत्पुरुष समास

(B) द्वन्द्व समास

(C) कर्मधारय समास

(D) अव्ययीभाव समास

**35.** 'अश्वारोही' शब्द के लिए उचित शब्द समूह -

(A) जो घोड़े पर सवार हो।

(B) जिसके पास घोड़ा न हो।

(C) जिसके पास अश्व हो।

(D) जिसका घोड़ा खो गया हो।

**36.** 'जो विदेश में रहता है' - शब्द-समूह के लिए एक शब्द बताइए।

(A) विदेशी (B) अदेशी

(C) वैदेशी (D) सुदेशी

**37.** 'शिवजी समझाते हैं' - वाक्य का भूतकाल में परिवर्तन, इस प्रकार होगा ----

(A) शिवजी समझाए।

(B) शिवजी ने समझाया।

(C) शिवजी ने समझाई।

(D) शिवजी ने समझाए।

**38.** 'मुरली निराश नहीं हुआ' - वाक्य का काल बताइए।

(A) सामान्य वर्तमान काल (B) पूर्ण वर्तमान काल

(C) भविष्य काल (D) भूतकाल

**39.** 'असल' शब्द की भाववाचक संज्ञा ------।

(A) असली (B) असलीपन

(C) असलीपना (D) असलियत

**40.** 'अन्त में उन्होंने अपना निर्णय दिया।' वाक्य में भाववाचक बताइए।

(A) उन्होंने (B) अपना

(C) अन्त (D) निर्णय

**41.** 'प्रचार' शब्द की कर्तृवाचक संज्ञा --------।

(A) प्रचार कार्य (B) प्रचार का

(C) प्रचराक (D) प्रचारक

**42.** कर्तृवाचक संज्ञा की सही जोड़ बताइए।

(A) रक्षा - रक्षाक

(B) रक्षा - रक्षैक

(C) रक्षा - राक्षक

(D) रक्षा - रक्षक

**43.** पर्यायवाची शब्द की गलत जोड़ बताइए।

(A) लाचारी - मज़बूरी

(B) आरम्भ - अन्त

(C) बीमार - मरीज़

(D) कोठी - मकान

**44.** पर्यायवाची शब्द की सही जोड़ बताइए।

(A) रास्ता - मार्ग

(B) आशा - निराशा

(C) गमन - आगमन

(D) जल - थल

**45.** लोभ शब्द का विलोम शब्द बताइए।

(A) त्याग (B) विराग

(C) अनुराग (D) लोभी

**46.** निम्नलिखित विरोधी शब्दों की जोड़ में से अनुचित जोड़ बताइए।

(A) नया - पुराना

(B) प्रशंसा - निंदा

(C) हर्ष - वर्ष

(D) शुभ - अशुभ

**47.** 'मन भारी होना' मुहावरे का सही अर्थ -

(A) गहरी नींद आना।

(B) किसी काम में मन न लगना।

(C) बहुत प्रसन्न होना।

(D) उदास होना।

**48.** 'बिलकुल अनपढ़ होना' कही जाने वाली कहावत -----

(A) नाच न जाने आँगन टेढ़ा।

(B) काला अक्षर भैंस बराबर।

(C) नाम बड़े और दर्शन छोटे।

(D) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद।

**49.** रीतिवाचक क्रिया विशेषण बताइए।

(A) बहुत (B) आगे

(C) अचानक (D) आजकल

**50.** एक भीषण धमाका होता है।
गर्भगृह में अँधेरा होता है।
किस संयोजक का प्रयोग करने पर संयुक्त वाक्य बनेगा?

(A) लगभग (B) धीरे-धीरे

(C) इधर-उधर (D) कभी-कभी

# N-14(H)
**(MARCH, 2013)**

## PART - B

*Time : 2 Hours]* *[Maximum Marks : 50*

*सूचनाएँ -*

(1) इस प्रश्नपत्र में कुल **चार** विभाग और **21** प्रश्न हैं।

(2) **सभी** प्रश्न *अनिवार्य* हैं। विकल्प आंतरिक हैं।

(3) दाहिनी ओर लिखें अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं।

(4) शिरोरेखा आवश्यक है।

### SECTION - A

● *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए। ( किन्हीं चार )* 8

1. कवि अखा 'जानेगा जो कोई डेर उसी का' कहकर क्या कहना चाहते हैं?

2. अभिमन्यु को दुस्साहसी क्यों कहा गया है?

3. कवि नीरज को अपनी मानवता पर अभिमान क्यों है?

4. लक्ष्मण राम को क्या आश्वासन देते हैं?

5. रसखानि की समाधि की आज क्या दशा है?

● *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए। ( किन्हीं दो )* 4

6. रामरत्न के घर में गड़बड़ क्यों मची हुई थी?

7. दुअन्नी प्राप्त करने के लिए लड़के ने क्या किया?

8. कोणार्क मंदिर में चालुक्य किस आशा से आया था?

● *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए। **( कोई एक )*** **3**

**9.** गाँव में गोबर ने दिग्विजय किस तरह की?

**10.** 'आश्रय' कहानी के शीर्षक की सार्थकता समझाइए।

## SECTION - B

● *रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए।* **5**

**11.** एक ग्वाला - दूध बेचना - दूध में पानी मिलाना - अमीर बनना - भैंसे खरीदने के लिए निकलना - रास्ते में गहरा तालाब - पैसे की थैली किनारे पर रखकर स्नान करना - बन्दर का थैली उठाना - पैसे निकालकर पानी में फेंकना - कुछ तालाब में, कुछ बाहर - पानी के पैसे पानी में - बोध - शीर्षक।

● *निम्नलिखित पद्यांशों का भावार्थ विचार-विस्तार स्पष्ट कीजिए। **( कोई एक )*** **5**

**12.** नाम-रूप के भेद पर कभी किया है गौर।
नाम मिला कुछ और तो, शक्ल अक्ल कुछ और।

***अथवा***

अपनी पहुँच बिचारिके, करतब करिये दौर।
ते ते पाँव पसारिये, जेती लाँबी सौर।

## SECTION - C

● *परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।* **5**

हमें स्वराज तो मिल गया, परन्तु सुराज्य अभी हमारे लिए एक सुखद स्वप्न ही है। इसका प्रधान कारण यह है कि देश को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से कठोर परिश्रम करना हमने अब तक नहीं सीखा। श्रम का महत्त्व और मूल्य हम जानते ही नहीं। हम अब भी आराम-तलब हैं। हाथों से यथेष्ट काम करने में रुचि नहीं है। हाथों से काम करने को हम हीन लक्षण समझते हैं। हम कम-से-कम काम द्वारा जीविका चाहते हैं। हम यही सोचते रहते हैं कि किस तरह काम से बचा जाये। यह दूषित मनोवृत्ति राष्ट्र की आत्मा में जा बैठी है और वहाँ से हटती नहीं। यदि हम इससे मुक्त नहीं होते और आज समाज से हम जितना पा रहे हैं या लेना चाहते हैं। उससे

कई गुना अधिक उसे कठोर श्रम से नहीं देते, तो देश आगे नहीं जा सकता और स्वराज्य सुराज्य में परिणत नहीं हो सकता।

**प्रश्न :-**

**13.** देश को समृद्ध बनाने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

**14.** आज भी हम किसका महत्त्व और मूल्य नहीं जानते?

**15.** कौन से अवगुण हममें छिपे हुए हैं?

**16.** स्वराज्य सुराज्य में कब परिणत होगा?

**17.** उपर्युक्त परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए।

**18.** निम्नानुसार पत्र लिखिए :- **5**

भावनगर निवासी आनंद शाह सुरत निवासी अपने मित्र संकेत परमार को 'खेलकूद में खेलदिली का महत्त्व' समझाते हुए पत्र लिखता है।

**19.** अपने विद्यालय में सरस्वती पूजन-उत्सव मनाया गया। उसके बारे में करीब पचास शब्दों में अहवाल (वृत्तांत) लिखिए। **5**

## SECTION - D

**20.** *भाषा शुद्धि को ध्यान में रखकर परिच्छेद फिर से लिखिए।* **2**

गौरा महादेवीजी की प्रिय गाय था। वह दुध भी भरपुर देता था। इसलिए महादेवीजी ने ग्वाले से दुध लेना बंद कर दीया था। उस कारण यह गौरा के प्रति ईर्ष्याभाव रखने लगा था।

**21.** निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए :- **8**

'एक बूढ़े की आत्मकथा'

परिचय - बचपन - युवानी का समय - वृद्धावस्था - असहाय जीवन - उपसंहार।

***अथवा***

'गाय भारतीय संस्कृति का प्रतीक'

प्रस्तावना - गाय के प्रति लोक भावना - गोदुग्ध की महिमा - धन सम्पत्ति के रूप में गाय - कार्य में गाय का महत्त्व - गाय की उपेक्षा उचित नहीं।

---